**Nai Dunia (Indore), 4th August 2024, Nai Dunia City Page – I**

# आइआइटी में कल होगी वेंडर्स मीट, जुटेंगे दिग्गज

सरकारी खरीद प्रक्रिया के बारे में जागरूकता लाने को लेकर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी इंदौर) सोमवार को वेंडर्स मीट-2024 आयोजित कर रहा है। इसका उद्देश्य वेंडरों को डेटाबेस तैयार करना, गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पर आपूर्तिकर्ता पंजीकरण की सुविधा प्रदान करना और एमएसएमई पंजीकरण से संबंधित में जानकारी देना है। बैठक में विक्रेताओं को जीईएम के माध्यम से खरीदारी करने के लिए विश्वास दिलाया जाएगा, साथ ही मार्गदशन करेंगे। एमएसएमई को खरीद नीति में कुछ छूट भी दी गई है, जिससे वे स्थापित विक्रेताओं के बराबर बोली प्रक्रिया में भाग ले सकें।

एमएसएमई के विकास संस्थान के सहायक निदेशक गौरव गोयल का व्याख्यान भी होगा। जीईएम सेलर आनबोर्डिंग, सहायक प्रबंधक विश्वजीत और राज्य प्रबंधक जीईएम अलका पचोरी जीईएम पंजीकरण, निविदा, नई सुविधाओं आदि से संबंधित प्रश्नों का उत्तर देंगे।